मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–11, फरवरी 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कुशल नेतृत्व सफल विकास



कामधेनु लिमिटेड देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को नई ऊँचाई देने का प्रयास एक बेहतर दृष्टिकोण के साथ कर रही है। अपने दृष्टिकोण में कंपनी ने देश के सार्वभौमिक विकास को प्रबलता से गढ़ने का लक्ष्य रखा है। संपूर्ण विकास का ये लक्ष्य देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत आधार तो दे ही रहा है साथ ही कंपनी को लगातार सफल विकास की ओर ले जा रहा है। एशियाज़ मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड अवार्ड और पॉवर ब्रांड अवार्ड ये सब कंपनी की क्षमता को दर्शाते हैं। अभी हाल ही में जारी हुए कंपनी के तीसरी तिमाही के नतीजें भी कंपनी के कुशल नेतृत्व को प्रतिबिम्बित करते है।

कुशल नेतृत्व से जहाँ गुणवत्ता निरंतर बरकरार है वहीं कंपनी के बिजनेस का दायरा भी भारतीय बाज़ार में दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। कंपनी देश के हर क्षेत्र तक अपने उत्पादों की पहुंच को सुनिश्चित कर रही है। डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के भरोसे को बढ़ाते हुए एवं मोटिवेट करते हुए इनकी संख्या में भी वृद्धि कर रही है। कंपनी के उत्पादों को किफायती बनाने और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए फ्रैंचाइजी पार्टनर्स को उन्नत तकनीक मुहैया करा रही है। इन समूचे प्रयासों ने कंपनी को बेहतर परिणाम दिलाया और कंपनी ने तीसरी तिमाही में पिछले वर्ष के नौ महीनों की तुलना में शानदार मुनाफा दर्ज किया है। अगर सिर्फ तीसरी तिमाही की बात करे तो कंपनी ने इस तिमाही में रु. 305 करोड़ का कारोबार किया जो कि दूसरी तिमाही में रु. 270 करोड़ था।

ग्रोथ को ठोस फौलाद की तरह ढालने में कंपनी के प्रबंध निदेशकों ने बेहतरीन क्षमता का प्रदर्शन किया। ऐसी योजानाओं का निर्माण किया जो कंज्यूमर फ्रेंडली होने के साथ–साथ एनवायरमेंट फ्रेंडली भी हो और गुणवत्ता भी आला दर्जे की हो जो कंपनी के ब्रांड को परिभाषित करे। कंपनी के टीएमटी उत्पाद कामधेनु SS10000 और KAMDHENU NXT ऐसे ही उत्पाद हैं जिन्होंने देश में कंपनी को उच्च गुणवत्ता वाले स्टील उत्पाद निर्माता कंपनी के तौर पर स्थापित किया है। वर्तमान समय में कंपनी का टीएमटी ब्रांड आज देश का सबसे बड़ा टीएमटी ब्रांड है। इसके साथ ही कामधेनु COLOUR MAX कलर कोटेड शीट्स भी शीट्स का एक बड़ा ब्रांड बनकर उभरा है जो फास्ट कंस्ट्रक्शन और ग्रीन बिल्डिंग कान्सेप्ट को आगे बढ़ा रहा है।

कंपनी की तीसरी तिमाही के नतीजों से उत्साहित कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल जी ने कहा, ''हमारे लिए और हमसे जुड़े हर व्यक्ति कि लिए ये खुशी की बात है कि हम लगातार विकास कर रहे है। हमारे उत्पादों में ग्राहकों का बढ़ता भरोसा पूरे कामधेनु परिवार को नई ऊर्जा दे रहा है। जिससे भारत में हमारे फ्रैंचाइजी और डीलर्स की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी का परिणाम है कि पिछले नौ महीनों की तुलना में इस वर्ष के नौ महीनों में हमने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले वर्ष की तीनों तिमाही में कंपनी ने कुल रु. 614 करोड़ का कारोबर किया था जो इस वर्ष बढ़कर रु. 812 करोड़ हो गया। हमें उम्मीद है कि हम इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करते रहेंगे।''

# उत्तर प्रदेश के लिए खुला निवेश का पिटारा


उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। 21–22 फरवरी को आयोजित किए गए इंवेस्टर्स समिट में देश और विदेश के विख्यात उद्योगपतियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समिट में 1045 एमओयू पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत प्रदेश में 4.28 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसरों का निर्माण करने और बीमारू राज्यों की श्रेणी से बाहर निकालने के लिए किए गये सीएम योगी आदित्यनाथ की इस खास पहल का उम्मीद के अनुरूप असर दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी को एक समृद्ध राज्य बनाए जाने की योजना के तहत आयोजित इस समिट का लाभ देश के युवाओं को मिलेगा और जिससे 40 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा सुदृढ़ की जा रही कानून व्यवस्था का असर इस पूरे कार्यक्रम में दिखा। सभी इंवेस्टर्स ने प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहाना की।

UP INVESTORS SUMMIT 2018
POWERINGNEWINDIA

**यूपी में निवेश**

अडानी ग्रुप – 35 हजार करोड़ का निवेश
बिड़ला ग्रुप – 25 हजार करोड़ रुपये निवेश
एस्सेल ग्रुप – 18 हजार करोड़ का निवेश
रिलायंस – 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश
महिंद्रा ग्रुप – 2 हजार करोड़ रुपये निवेश

# मैग्नेटिक महाराष्ट्र में दौड़ेगी हाइपरलूप






महाराष्ट्र आधुनिक ट्रांसपोर्ट का अनुसरण करने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बुलेट ट्रेन परियोजना का काम शुरू होने के बाद अब महाराष्ट्र में हाइपरलूप ट्रांसपोर्ट प्रणाली को लाने की तैयारी की जा रही है। हाइपरलूप को मुंबई से पुणे के बीच चलाने की योजना बनाई गई है। इस योजना को अमली–जामा पहनाने के लिए अमरिकी कंपनी वर्जिन ग्रुप के साथ महाराष्ट्र सरकार ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

वैश्विक स्तर पर मुम्बई के ट्रांसपोर्ट को नई पहचान दिलाने की क्षमता रखने वाले इस हाइपरलूप की प्रणाली पूरी तरह इलेक्ट्रिक होगी और इसकी गति 1000 किमी प्रति घंटा होगी। इससे दोनों बड़े शहर मुम्बई और पुणे के बीच यात्रा का समय घटकर 20 मिनट रह जाएगा। अभी यह समय लगभग तीन घंटों का है। एक अनुमान के अनुसार एक वर्ष में हाइपरलूप के जरिए 15 करोड़ यात्री सफर कर सकेंगे।

**क्या है हाइपरलूप**

हाइपरलूप एक ट्यूब ट्रांसपॉर्ट टेक्नोलॉजी है। जिसके तहत खंभों के ऊपर (एलिवेटेड) ट्यूब बिछाई जाती है। इसके भीतर बुलेट जैसी शक्ल की लंबी सिंगल बोगी हवा में तैरते हुए चलती है। वैक्यूम ट्यूब में कैपसूल को चुंबकीय शक्ति से दौड़ाया जाता है। बिजली के अलावा इसमें सौर और पवन ऊर्जा का भी उपयोग हो सकता है। इसमें बिजली का खर्च बहुत कम है और प्रदूषण बिल्कुल नहीं है।

# जिम कार्बेट में कामधेनु SS10000 के डीलर्स की कांफ्रेंस

## दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स का खास सम्मेलन





देश में इंफ्रास्ट्रक्चर की अग्रणी कंपनी में शुमार कामधेनु लिमिटेड ने देश में टीएमटी और इस्पात बिजनेस को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया है। साथ ही कंपनी ने स्टील रिबार के नये बिजनेस मॉडल को पेश कर किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले स्टील रिबार को देश के सभी क्षेत्रों में पहुंचाया। इस पूरे प्रयास में कंपनी के अधिकारिक पेटेंट वाले कामधेनु SS10000 ने अपनी गुणवत्ता और क्षमता से देश में नई पहचान बनाई। कामधेनु SS10000 देश में टिकाऊ विकास और हैवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए सबसे उपयुक्त टीएमटी उत्पाद बना।

कामधेनु SS10000 की सभी तक पहुँच को सुनिश्चित करने में कंपनी के डीलर्स ने भी अपना अभूतपूर्व योगदान दिया। कंपनी डीलर्स ने इस क्रांतिकारी उत्पाद की खासियतों से बेहतरीन ढंग से रूबरू कराया। इस कड़ी में कंपनी के दिल्ली और हरियाणा के कामधेनु SS10000 डीलर्स ने बिजनेस के टारगेट को हमेशा नई ऊर्जा के साथ पूरा किया और बिजनेस को मुनाफे की ओर बनाए रखा। कामधेनु लिमिटेड भी अपने ऐसे डीलर्स को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित करती रहती है। इसी कड़ी में कंपनी ने दिल्ली और हरियाणा के डीलर्स के लिए 3 से 5 जनवरी तक जिम कार्बेट में खास सम्मेलन का आयोजन किया।

जिम कार्बेट के खूबसूरत रिजॉर्ट हृदयेश में आयोजित इस सम्मेलन में कंपनी के पदाधिकारियों के साथ कंपनी के डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में कंपनी के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने सभी का मार्गदर्शन किया और देश में टीएमटी की जरूरतों को सभी के साथ साझा किया। साथ ही स्मार्ट सिटी जैसी परियोजनाओं में कामधेनु SS10000 के उपयोग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। यहाँ श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, ''कामधेनु SS10000 ने भारतीय बाज़ार में अपनी खास साख बनाई है। ये आज एक बड़ा ब्रांड है इसमें आपका महत्वपूर्ण योगदान है। आपने जिस जज्बे के साथ हर टारगेट को पूरा किया उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है। फिर भी हम कोशिश करते है कि आपको, आपके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करते रहे। डीलर्स और कंपनी की साझेदारी इसी तरह नये लक्ष्य की ओर बढ़ती रहे।''

यहाँ कंपनी के पदाधिकरियों ने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को मोटिवेट किया। साथ ही कामधेनु SS10000 की खासियातों के प्रति नये सिरे से जागरूकता को बढ़ाने का मूल मंत्र दिया। दुनिया में मार्केटिंग और बिजनेस में आ रहे नये परिवर्तनों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए डीलर्स को प्रबंधकीय गुर सिखाए। इस कार्यक्रम में कामधेनु के श्री राजीव शर्मा (वरिष्ठ जीएम) जी ने डीलर्स की क्षमता को निखारने हेतु उन्हें महत्वपूर्ण टिप्स दिए। श्री शर्मा जी ने अपने प्रबंधकीय अनुभव से सभी डीलर्स को ऊर्जान्वित किया। यहाँ कंपनी के अन्य पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए इनमें श्री सुशील भारद्वाज, एजीएम, श्री अमित सुरौठिया, मैनेजर, श्री संतोष चौहान असिस्टेंट मैनेजर, श्री सौरव सुमन असिस्टेंट मैनेजर, श्री विजय शंकर सिंह असिस्टेंट मैनेजर, श्री निरंजन महर्षी असिस्टेंट मैनेजर, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

यहां कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री मामन चंद गोयल, श्री राजेंद्र गर्ग, श्री अरुण प्रकाश बियानी, श्री धरम पाल खेड़ा, श्री सुमित अरोड़ा, श्री दीपक मित्तल, श्री संजय मित्तल, श्री पंकज गर्ग, श्री अंकित शारदा, श्री नरेश गर्ग, श्री राजिव गर्ग, श्री संजय गर्ग, श्री सुमित गोयन, श्री पंकज गर्ग, श्री गुलशन गुप्ता जी सम्मिलित हुए।

मोटिवेशनल कार्यक्रम के बाद डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने जिम कार्बेट की जंगल सफारी का आनन्द लिया और कोशी नदी के पास बने प्रसिद्ध गर्जिया देवी मन्दिर का भी दर्शन किया।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.01.2018



# कामधेनु पेंट्स डीलर्स को मिला केरल टूर का तोहफा

अपने सजावटी पेंट्स के वाइब्रेंट रंगों और विस्तृत रेंज से कामधेनु पेंट्स विकास की नई गाथा लिख रही है। आज कंपनी देश में शीर्ष सजावटी पेंट बनाने वाली कंपनियों में गिनी जाने लगी है। इस मुकाम पर पहुंचने में कंपनी के पेंट डीलर्स ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी ने भी इनके योगदान को हमेशा ही सराहा है। डीलर्स को ऐसे इंसेंटिव पैकेज दिए है जो पूरे पेंट इंडस्ट्रीज में मिसाल बने है। इसी क्रम में कंपनी ने अपने हिमाचल के डीलर्स को बेहतरीन टूर का तोहफा दिया।

कामधेनु के रंग जितने जीवंत है उतने ही इनके तोहफे ताकि खुशियों की चमक रंगों मे झलकती रहे। इसी के तहत 8 से 12 फरवरी तक कंपनी ने डीलर्स के लिए केरल के यादगार टूर को आयोजित किया। इस टूर में कंपनी ने 50 डीलर्स के साथ उनकी फेमिली को भी सम्मिलित किया। 4 दिनों तक चले इस टूर में सभी ने केरल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सैर की। एक परिवार की तरह सभी ने साथ–साथ मौज–मस्ती के पल बिताए।

डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए आयोजित किए गए इस टूर में कंपनी के नेशनल मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव जी ने डीलर्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और उन्होंने कहा, "कंपनी को देश मे शीर्ष स्थान पर पहुंचाने में जितना योगदान कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का है उतना ही योगदान आपका भी है। आपने कंपनी को परिवार की तरह समझा और कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया। आपके इन इमानदार प्रयासों की हम प्रशंसा करते है और आशा करते है कि आप और हम एक इकाई की तरह कार्य करते रहेंगे। आप जिस ऊर्जा के साथ इस टूर में सम्मिलित हुए उसके लिए भी आपका शुक्रिया अदा करता हूँ।"

इस टूर में कंपनी की हिमाचल की ब्रांच हेड सुश्री निहल रप्ता ने सभी डीलर्स को उनके सेल्स टारगेट को पूरा करने के लिए उन्हें बधाई दी। साथ ही कंपनी के इको–फ्रैंडली उत्पादों के बारे में नई जानकारियां दी ताकि वे इन पेंट उत्पादों को ग्राहकों तक दोहरी समझ के साथ पहुंचा सके। भविष्य की नई योजनाओं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त पेंट निर्माताओं के साथ कामधेनु के हो रहे अनुबंध को भी रप्ता जी ने डीलर्स के सम्मुख रखा। इस पूरे कार्यक्रम से डीलर्स भी उत्साहित दिखे। नई जानकारियों से उत्साहित सभी डीलर्स ने नये निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरे उत्साह से प्रण लिया। नई योजना और नई ऊर्जा के साथ सभी नये लक्ष्य की ओर बढ़ चले।



**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

**श्री अजीत कुमार साहू**
**मेसर्स बाबा हॉर्डवेयर एण्ड पैंट्स,**
तिनीमुहानी छक,
केंद्रापाड़ा–754211
ओड़ीशा
मो. 9437316746

**श्री अक्षय कुमार**
**मेसर्स भगवती आयरन स्टोर**
**दुर्गा बाज़ार, पो. दस्पल्ला**
नायागडा–752084
ओड़ीशा
मो. 9439492009

**श्री संजय कुमार साहू**
**मेसर्स साहू हॉर्डवेयर (अंगुल)**
डेरा थलचर, डेरा सिनेमा
के पास–759122
ओड़ीशा
मो. 9438755800

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com